## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ अजित कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ मीणा मेहता
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजीः डॉ अनूप कुमार
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक रंजन

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- सर्जिकल अंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. एसबीआई के कचहरी स्थित मुख्य शाखा के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन दिन के 11 बजे से
2. मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र बांटेंगे एचईसी आवासीय परिसर के सेक्टर थ्री स्थित शहीद मैदान में दोपहर 12 बजे से
3. झारखंड मुक्ति मोरचा का उपवास कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में दिन के 11 बजे से
4. शहर के अन्य हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सीएम चंपाई से मिले टाटा स्टील के एमडी



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी. इस अवसर पर उपाध्यक्ष टाटा स्टील (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी भी मौजूद रहे.

### सीबीआई जांच को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी

**रांची।** राज्य सरकार झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा 22 फरवरी को पारित उस आदेश को चुनौती दे सकती है, जिसमें साहिबगंज जिले के नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले में चल रही सीबीआई की जांच पर लगी रोक हटा ली थी. दरअसल सीबीआई द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले की जांच की जा रही थी.राज्य सरकार ने सीबीआई जांच के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. इसपर हाईकोर्ट ने पहले सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी, लेकिन बाद में रोक हटा ली. इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में हुई थी.

### सीएम चंपाई सोरेन ने कांटाटोली-सिरमटोली में बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया

# कंपनी के अधिकारियों को समय पर निर्माण कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**विशेष संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को रांची के कांटाटोली-सिरमटोली में बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्माण करा रही कंपनी एलएंडटी के अधिकारियों से काम से संबंधित जानकारी ली. सीएम ने हर हाल में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया.

कहा- निर्माण कार्य में तेजी लाएं. धीमी गति की वजह से निर्धारित समय के अंदर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा नहीं हो सकेगा. बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू कराया था. फ्लाईओवर शुरू होने से कांटाटोली से डोरंडा, मेकॉन और हिनू की ओर जानेवाले लोगों को जाम से



मुक्ति मिलेगी. वहीं रांची रेलवे स्टेशन जाने के लिए डोरंडा ओवरब्रिज की ओर से रास्ता शुरू होगा. उस रास्ते से रांची रेलवे स्टेशन पहुंचने में बहुत कम समय लगेगा.



### जरूरत पड़े, तो मानव बल बढ़ा कर निर्माण कार्य में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाएं. अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा. सीएम ने कहा कि फ्लाईओवर की सुविधा आमजनों के लिए है, इसलिए जरूरी है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाए. जरूरत पड़े, तो मानव बल बढ़ाएं. उन्होंने फ्लाईओवर का निर्माण जुलाई 2024 तक हर हाल में पूरा कर लेने का निर्देश दिया. आम जनता जुलाई 2024 से फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है.

### फ्लाईओवर निर्माण होने तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखें

सीएम ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे. कोई भी नया निर्माण दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए. निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए. लंबे अरसे तक राज्य की जनता इस फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, इस निमित्त निर्माण से संबंधित सभी मापदंडों पर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाएं. मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### कोरोना काल में डीलरों के बकाया कमीशन व परिवहन भत्ता पर अहम निर्णय

# राज्य सरकार वहन करेगी भार

**कैबिनेट फैसला**

- 2 अरब 27 करोड़ 66 लाख रुपये का किया जाएगा भुगतान
- कोर कैपिटल में यूनिटी भवन व चाकुलिया में डिग्री कॉलेज

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लेते कोरोना काल में पीएम खाद्यान योजना के तहत बांटे गए राशन में डीलरों का कमीशन और परिवहन भत्ता अब राज्य सरकार देगी. इसके लिए राज्य सरकार 2 अरब 27 करोड़ 66 लाख का भार वहन करेगी. यह पैसा केंद्र द्वारा दिया जाना था, मगर केंद्र सरकार के नहीं देने के बाद राज्य सरकार में यह अहम फैसला लिया है.

दो साल से राशन डीलर इसकी मांग कर रहे थे. यह सरकार का केंद्र की उपेक्षा के बाद एक अहम निर्णय माना जा रहा है. इसके अतिरिक्त सरकार कोर कैपिटल में खाली जमीन पर यूनिटी भवन बनाएगी. इसके लिए सरकार 162.9 करोड़ रूपए खर्च करेगी. सरकार ने उच्च शिक्षा तकनीकी विभाग के द्वारा कोल्हान के चाकुलिया में एक नया डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है.




### डीआरडीए का जिला परिषद में मर्जर होगा

सरकार ने एक निर्णय लिया गया है कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित डीआरडीए (जिला विकास अभिकरण) जो वर्षों से बंद हो गया. उसका मर्जर पंचायती राज के तहत संचालित जिला परिषद में करने का निर्णय लिया है. डीआरडीए में कार्यरत 380 कर्मचारियों का भी विलय जिला परिषद में हो जाएगा. इससे वर्षों से आंदोलनरत कर्मियों को सीधा लाभ होगा.

### फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी 2024 लाएगी सरकार

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने झारखंड फूड एंड फीड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी 2024 लाने की स्वीकृति प्रदान की है. झारखंड में एग्रीकल्चर, होर्टिकल्चर, फीशरी, एनिमल हसबेंडरी, मीट प्रोसोसिंग की असीम संभावना है. इसे देखते हुए यह पॉलिसी लायी गयी है.

### कैबिनेट के अन्य निर्णय

- झारखंड वेतन भुगतान नियामवली 1937 के नियम 18 में संसोधन की स्वीकृति.
- **धान अधिप्राप्ति के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में रिवाल्विंग फंड के रूप में 132 करोड़ रुपए स्वीकृति के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई.**
- ज्य में स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों को पीपीपी मोड पर 10 बेड आईसीयू वार्ड तथा टेली आईसीयू इनबेल्ड क्रिटिकल केयर यूनिट्स स्थापित करने के लिए ई-गवर्नेंस फाउंडेशन कोरमंगला फाउंडेशन, बंगलुरू से एमओयू किया जाएगा.
- **झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद पर सीधी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में न्यूनतम उम्र सीमा 1.8.24 तथा अधिकतम 1.8.19 कर दिया है.**
- स्थानीय भाषा संवर्धन के लिए सभी प्राथमिक विद्यालयों में प्रेरक का चयन होगा.
- **शिशु के देखभाल के लिए महिला कर्मियों को 730 दिन अतिरिक्त वार्षिक अवकास दिया जाएगा. यह अधिकतम दो बच्चे और उम्र सीमा 18 वर्ष तक होगी. यह योजना एकल पुरुष कर्मी पर लागू होगा, जिनके बच्चे हैं और वह उसका लालन-पालन खुद करते हैं.**
- कृषि कार्य के लिए मशीनरी एवं यांत्रिक सामानों की खरीदारी के लिए सब्सिडी बढ़ा कर सरकार 40 से 80 प्रतिशत कर दिया है.
- **झारखंड राज्य अभिलेखागार संवर्ग के समूह भर्ती एवं अन्य सेवा शर्त संसोधन नियमावली में संसोधन की स्वीकृति प्रदान की गई है.**
- आवासीय विद्यालयों का संचालन अब गैर सरकारी संस्थानों द्वारा होगा. इसकी संख्या 44 है.
- **बिरसा कृषि विश्विवद्यालय, कांके को कृषि विज्ञान केंद्र सुरनी देवघर की कुल भूमि 43.87 एकड़ नि:शुल्क हस्तांरित करने की स्वीकृति दी गई है.**
- झारखंड उच्च न्यायालय की स्थापना हेतु गैर संवर्गीय एक गार्डन, सहयोगों सहित कुल 25 पद अनुबंध के आधार पर स्वीकृत किया जाएंगे.
- **सरायकेला खरसांवा के राजनगर में अवस्थित सिंचाई सुविधा उपलबध कराने के लिए भीमखंडा माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत 76 करोड़ 65 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है.**
- गोड्डा जिला के सोनपुर बियर योजना के मुख्य नहर का लाइनिंग सहित अन्य कार्य के लिए 45 करोड़ 74 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है.

### सचिवालय सेवा संघ ने प्रोजेक्ट भवन को घेरा, कहा

# सचिवालय को आउटसोर्सिंग की ओर धकेल रहे हैं कार्मिक सचिव



**संवाददाता। रांची**

**किया घेराव**

- पूर्व सीएम के निर्णय को लागू करने को लेकर प्रदर्शन
- पदों में कटौती के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई

कार्मिक विभाग में पदों की कटौती को लेकर बुधवार को झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने प्रोजेक्ट भवन परिसर का घेराव किया. इस दौरान नारेबाजी भी की गई. संघ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ज्वाइंट सेक्रेटरी के 24 और डिप्टी सेक्रेटरी के 41 पद सृजन पर जो अपनी सहमति प्रदान की थी, उसे वर्तमान में खत्म किया जा रहा है. इसके लिए कार्मिक सचिव पूरी तरह से जिम्मेवार है.

संघ का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि कार्मिक सचिव किसी के दबाव में काम कर रहे हैं. उनकी मनसा सचिवालय को आउटसोर्सिंग की ओर धकेलना की है, जिसे सचिवालय सेवा संघ कभी पूरी नहीं होने देगा. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि एक तरह जहां डिप्टी सेक्रेट्री व ज्वाइंट सेक्रेट्री के पदों में वृद्धि की बात हो रही है. वहीं दूसरी तरफ कार्मिक विभाग कम पदों से ही काम चलाने की बात कर रहा है. जबकि पहले से ही अधिकारियों व कर्मियों की कमी है और काम का बोझ अधिक है.

संघ के लोगों ने यह भी कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया जा रहा है. यह कार्यक्रम एक चेतावनी है, अगर सरकार का यही रवैया रहा, तो आंदोलन तेज होगा और हम लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं. इस मामले में संघ जल्द ही सीएम से मुलाकात करेगा. इधर निजी सहायक संयुक्त सेवा संघ के कर्मचारी भी प्रमोशन की मांग को लेकर इस कार्यक्रम में शामिल हुए.

# बीएसएनएल की समस्या पर जीएम के साथ चैंबर की वार्ता



**संवाददाता। रांची**

**खास बातें**

- 14 को चैंबर भवन में लगाया जाएगा बीएसएनएल का कैंप
- बकाया बिल भुगतान संबंधी मामलों का भी होगा निपटारा

वर्षों पूर्व बंद किए गए टेलीफोन कनेक्शन के बकाया विपत्रों के भुगतान के लिए भेजी जा रही नोटिसों से उपभोक्ताओं के बीच बढ़ती समस्या को देखते हुए बुधवार को चैंबर भवन में बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद के साथ बैठक कर, नोटिसों को शिथिल करने की मांग की गई.

कहा गया कि वर्षों पूर्व किए गए भुगतान की रसीद या अन्य प्रति संभालकर सुरक्षित रखना किसी भी उपभोक्ता के लिए संभव नहीं है. बैठक के दौरान ऐसी भी नोटिसें दिखाई गईं, जिनके नाम से कभी टेलीफोन नंबर लिया ही नहीं गया है. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के आग्रह पर यह सहमति बनाई गई कि 14 मार्च को बीएसएनएल द्वारा चैंबर भवन में एक कैंप का आयोजन कर, ऐसे सभी मामलों का निपटारा किया जाएगा. कैंप में ही उपभोक्ताओं को रिवाइव बिल इशू कर, यहीं पर भुगतान करने की भी सुविधा दी जायेगी. ऐसे उपभोक्ता जिन्हें रिफंड लेना हो अथवा बंद पडे.टेलिफोन को चालू कराना हो वे भी भुगतान रसीद की प्रति के साथ जीएम के नाम से आवेदन कर सकते हैं.

### आदिवासी बुद्धिजीवी मंच ने पंचायती राज निदेशक को हटाने की मांग की

**रांची।** आदिवासी बुद्धिजीवी मंच ने पंचायती राज की निदेशक निशा उरांव को अविलंब पद से हटाने की मांग की है. मंच के राष्ट्रीय संयोजक विक्टर मालटो ने बुधवार को प्रेस क्लब में मीडिया को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि निशा उरांव अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल रही हैं. उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में 4 और 5 मार्च को होटल रेडिसन ब्लू में पेसा कानून पर पांच राज्यों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था. उसमें झारखंड के अलावा ओड़िसा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलांगना के पंचायत प्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए थे. कार्यशाला में जिन बिंदुओं पर निर्णय लिए गए, उनपर आदिवासी बुद्धिजीवी मंच को आपत्ति है. मालटो ने कहा कि कार्यशाला में केंद्रीय अधिनियम, पंचायतों के प्रावधान और अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार एक्ट 1996 की घज्जियां उड़ा दी गई है. पंचायती राज और नगरपालिका की स्थापना पर संवैधानिक रोक लगायी गयी और किसी भी अधिकारी, एनजीओ और प्रतिनिधि ने केंद्रीय अधिनियम 1996 की सही व्याख्या नहीं की.

### पीजीटी के लिए 4 विषयों के अभ्यर्थियों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

# 1280 अभ्यर्थियों के चेहरे खिले

**रजनीश प्रसाद। रांची**

पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षक (पीजीटी) 2023 के लिए 11 विषयों की हुई परीक्षा में से चार विषयों रसायन शास्त्र, भौतिकी, जीव विज्ञान और भूगोल के सफल अभ्यर्थियों को गुरुवार को नियुक्त पत्र दिया जाएगा. वहीं अर्थशास्त्र, गणित, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास और कॉमर्स के अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी नहीं हुआ है. सभी 11 विषयों का रिजल्ट जारी किये बिना ही सिर्फ चार विषयों के सफल अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, जिससे बाकी के सात विषयों के अभ्यर्थियों में नाराजगी व्याप्त है.

उनका कहना है कि आखिर हमारी गलती क्या है. बाकी विषयों का रिजल्ट आखिर क्यों नहीं जारी किया गया. क्यों 4 विषयों के रिजल्ट जारी कर ही नियुक्ति की जा रही है. नाराज अभ्यर्थियों ने राजभवन के सामने अनिश्चचितकालीन धरने पर बैठ गये हैं. धरने पर बैठे अभ्यर्थी झारखंड के विभिन्न जिलों से हैं. अभ्यर्थियों का कहना है कि जेएसएससी ने अब तक जितनी भी परीक्षाएं ली हैं, सारी की सारी विवादों में रही हैं.



**खास बातें**

- पीजीटी के 11 विषयों की हुई थी परीक्षा, 1840 अभ्यर्थी मायूस
- 7 विषयों के अभ्यर्थी राजभवन के समाने धरना पर बैठे

पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षक (पीजीटी) की नियुक्ति के लिए मार्च 2023 में विज्ञापन आया था, जिसमें कुल 11 विषयों के शिक्षकों के 3120 पद पर नियुक्ति होनी थी. इसके लिए 1.25 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था. इन 11 विषयों में से 4 विषयों का रिजल्ट जारी कर सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए जो भी प्रक्रिया होती है, वो सारी पूरी कर ली गयी है. 4 विषयों के 1280 सफल अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री गुरुवार को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे. और 1840 पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का परीक्षाफल जारी होना बाकी है.

बचे पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षाफल कब जारी होगा, इसके बारे में जेएसएससी साफ-साफ कुछ नहीं बोल रहा है. जबकि, जारी कैलेंडर में कहा गया गया था कि नवंबर में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी.

**अध्यक्ष से लेकर मंत्री तक ने दिया केवल आश्वासन :** पीजीटी के अभ्यर्थी पिछले एक महीने से कई बार जेएसएससी कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं. पूर्व से लेकर वर्तमान अध्यक्ष व अन्य अफसरों ने सिर्फ आश्वासन ही दिया है. अभ्यर्थी अपने -अपने क्षेत्र के विधायक और मंत्री से मिल चुके हैं. सभी ने केवल आश्वासन दिया है. अभ्यर्थी कार्यालय का चक्कर लगा-लगा कर थकने के बाद धरने पर बैठ गए है. गुरुवार को चार विषय के अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान होगी, तो वहीं 7 विषय के अभ्यर्थियों के चेहरे पर मायूसी छायी कहेगी.

### एसबीआई मुख्यालय के समक्ष प्रदेश कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को 7 मार्च को जिला मुख्यालय में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है. साथ ही सभी पूर्व विधायकों, पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्ष एवं वरीय नेताओं से प्रदर्शन में भाग लेने का अनुरोध किया है. उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विगत दिनों उच्चतम न्यायालय द्वारा भाजपा की चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने गैर संवैधानिक करार दिया था और इस योजना द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे की सूची सार्वजनिक करने और 6 मार्च के पहले उसे चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था.

**डर रही है भाजपा :** शांति ने बताया कि 2017 से प्रारंभ इस योजना के द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से लगभग 212000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे. अकेले भाजपा को इस योजना द्वारा 86566 करोड़ रुपए मिले थे. भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले उद्योगपति घरानों से अपने संबंधों का खुलासा होने से डर रही है.

**उद्घाटन**

### अब गोशालाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में मिलेगा लाभ

# गो सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लांच

**संवाददाता। रांची**

पशुपालन भवन सभागार द्वितीय तल हेसाग हटिया में बुधवार को झारखंड गो सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से बटन दबा कर ऑनलाइन किया. इस अवसर पर पशुपालन निदेशक किरण कुमारी पाशी मौजूद रहीं.

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि आयोग की इस पहल का फायदा गोशालाओं की आत्मनिर्भरता के दिशा में होगा. आए



दिन गो सेवा में लोगों की शिकायत दूरभाष के जरिए प्राप्त होती रही है. अब वेबसाइट पर भी लोग शिकायत दर्ज करवा सकेंगे. बहुत जल्द आयोग अपनी महती योजना 'हमारी गो माता हमारा दायित्व' की ऑनलाइन शुरुआत करने जा रही है. वहीं कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं. इनकी नियुक्ति के बाद से ही गो सेवा आयोग द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है. इस अवसर पर निदेशक पशुपालन, क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र, डॉ. विपिन खलखो, आयोग के पदाधिकरी डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. मुकेश मिश्र, डॉ. प्रभात कुमार पांडेय, डॉ जय कुमार तिवारी, रांची गोशाला के पुनीत पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, पशुपालन निदेशालय के पदाधिकारी डॉ रवि कपूर, डॉ अनिता, डॉ मनोज तिवारी, डा सैमसन डॉ. दीप्ति मिंज डॉ. ज्योति, डॉ. रश्मि आदि मौजूद थे.

**खास बातें**

- अब वेबसाइट पर भी लोग शिकायत दर्ज करवा सकेंगे
- हमारी गो माता हमारा दायित्व योजना की शुरुआत जल्द

### 7 हजार पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण स्थगित

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस अपनी तैयारी में जुट गई है. लोकसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए प्रशिक्षण कर रहे सात हजार पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण स्थगित कर दिया गया है. इसको लेकर डीजीपी के आदेश पर आईजी प्रशिक्षण ने आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में बताया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव से संबंधित कार्य, तैयारी के लिए राज्य में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण को 6 मार्च से स्थगित किया जाता है. उक्त सभी प्रशिक्षण संस्थानों के प्रमुख को निर्देश दिया जाता है कि अपने-अपने प्रशिक्षण संस्थानों से सभी प्रशिक्षुओं को अपने पैतृक जिला, ईकाई, वाहिनी वापस करना सुनिश्चित करेंगे.

# बेरोजगारी भत्ता का वादा भूल चुकी ठगबंधन सरकार : भाजपा

**संवाददाता। रांची**

**दो टूक**

- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने चंपाई सरकार पर साधा निशाना
- कहा- बेच रहे हैं नौकरियां परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने बुधवार को चंपई सरकार पर निशाना साधा. कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के झामुमो, कांग्रेस और राजद ठगबंधन ने राज्य के युवाओं के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था. पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ने न तो युवाओं को नौकरी दी और नस ही बेरोजगारी भत्ता. भले हेमंत सोरेन का इस्तीफा भ्रष्टाचार के कारण हुआ, लेकिन कहीं न कहीं उसमें युवाओं की आह भी शामिल है.

**युवाओं को रोज ठग रही है चंपाई सरकार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने आगे कहा कि चंपाई सरकार भी युवाओं को रोज ठग रही है. आज तक जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच का आदेश राज्य सरकार ने नहीं दिया. यह सरकार सर्वजन पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि पेंशन की योजनाएं बहुत पहले से लागू हैं. यह सरकार बेरोजगारी भत्ता के बारे में कोई विचार नहीं कर रही है.

### राष्ट्रीय युवा शक्ति का 12 को रांची बंद का आह्वान

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति ने शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा को अपमानित किये जाने के विरोध में 12 मार्च को रांची बंद का आह्वान किया है. संगठन के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि 23 मार्च 2023 को बापू वाटिका के सामने शहीद भगत सिंह का प्रतिमा स्थापित की गयी थी, लेकिन प्रशासन रात को बिना सूचना दिए प्रतिमा को उठाकर पुलिस लाइन ले गई और कबाड़ के बीच रख दी है. यह देश के शहीद का अपमान है. अंग्रेजों के हाथों से देश को आजाद कराया और उन्हें फांसी दे दी गयी थी, उन्हीं सरदार भगत सिंह की प्रतिमा को झारखंड में एक गज जमीन सरकार और प्रशासन उपलब्ध नहीं करा पा रही है. राष्ट्रीय युवा शक्ति के लोगों ने रांची बंद को सफल बनाने के लिए 25 टीमों का गठन किया है.

## राजधानी में तीन समितियों की ओर से इस साल निकाली जाएगी तीन श्रीशिव बारात, जारी है आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला

# शिव बारात के बहाने राजनीतिक दबंगता दिखाने की होड़

**राजन बॉबी । रांची**

महाशिवरात्रि पर आठ मार्च को निकाली जाने वाली शिव बारात की आड़ में राजनीतिक दबंगता दिखाने की होड़ सी लगी है. पहाड़ी मंदिर से इस बार जहां दो बारात निकाली जायेगी, वहीं इंद्रपुरी शिव मंदिर से एक अलग शिव बारात निकलेगी. तीनों समितियों द्वारा बारात को भव्य रूप देने के साथ-साथ राजनीतिक ताल भी ठोका जा रहा है. सीएम, सांसद और विधायक से लेकर पक्ष-विपक्ष के प्रमुख राजनेता महादेव की बारात में खास तौर से शिरकत करेंगे. पहाड़ी मंदिर से श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति और श्रीशिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति शिव बारात निकालेगी. दोनों समितियां झामुमो और कांग्रेस खेमा से दमखम दिखाने में लगी हैं तो भाजपा खेमा के लोग श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति, इंद्रपुरी शिव मंदिर, रातू रोड से भव्य बारात निकाल कर अपनी ताकत प्रदर्शित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे. आयोजन को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी चल रहा है.

**श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर :** सीएम चांपई सोरेन आरती उतार बारात विदा करेंगे. मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, पूर्व उपमहापौर अजयनाथ शाहदेव, पूर्व मेयर आशा लकड़ा आदि इसमें अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे.

**श्रीशिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर :** सीएम चांपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे. राज्यसभा सांसद सह झामुमो नेत्री महुआ माजी समिति की मुख्य संरक्षक और विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी निभायेंगी.

**श्रीशिव बारात आयोजन समिति, इंद्रपुरी शिव मंदिर, रातू रोड :** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आशा लकड़ा, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आदि बाराती बनेंगे.



### प्रशासन के व्यवहार से रमेश सिंह नाराज, कहा- पक्षपात बर्दाश्त नहीं, उग्र आंदोलन करेंगे

श्रीशिव बारात आयोजन समिति, शिव मंदिर रातू रोड के अध्यक्ष रमेश सिंह प्रशासन के व्यवहार से नाराज हैं. वे बताते हैं कि सरकार और प्रशासन पक्षपात कर रही है, जो ठीक नहीं है. रमेश बताते हैं कि सोमवार को प्रशासन के साथ हुई बैठक में पहाड़ी मंदिर से निकाली जाने वाली शिव बारात आयोजन समितियों के पदाधिकारियों को तो बुलाया गया, लेकिन उन्हें बैठक में शामिल नहीं किया गया. इतना ही नहीं समिति को प्रशासन की ओर से श्रीशिव बारात के स्वरूप को छोटा करने की भी हिदायत दी गयी. रमेश सिंह बताते हैं कि उनकी समिति में भाजपा और आरएसएस सहित विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े लोग तन-मन और धन से समर्पित हो महादेव की बारात को भव्यता प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ते, यही कारण है कि झामुमो और कांग्रेस गठबंधन की सरकार के इशारे पर उन्हें दबाया जा रहा. उन्होंने बताया कि यदि प्रताड़ित किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे. रमेश का कहना है कि 2002 में श्रीशिव बारात आयोजन समिति के बैनर तले ही पहली बार पहाड़ी मंदिर से भव्य रूप में शिव बारात निकाली गयी थी. दो-चार साल साथ चलने के बाद आपसी मनमुटाव के कारण मुख्य समिति दोफाड़ हो गयी. ऐसे में पुरानी समिति को दरकिनार कर बाद में गठित समितियों के पदाधिकारियों को बैठक में बुला कर प्रोत्साहित करना कहां तक ठीक है. भव्य रूप से बारात निकालने से रोकना किसी भी दृष्टि से जायज नहीं ठहराया जा सकता है.




### निराधार है पक्षपात का आरोप : राजेश साहू



श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू राजू ने रमेश सिंह के पक्षपात के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि दूसरी समिति पर आरोप लगाना निराधार है. प्रशासन के रवैया से हम भी दु:खी हैं. पुरानी समितियों को तरजीह देनी चाहिए, लेकिन ऐसा न कर प्रशासन ने ठीक नहीं किया. इसी बार गठित समिति के पदाधिकारियों को बैठक में शामिल करना और पुरानी श्रीशिव बारात आयोजन समिति, शिव मंदिर रातू रोड को दरकिनार करना जायज नहीं है. राजू बताते हैं कि श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति के बैनर तले ही सबसे पहले 2002 में पहाड़ी मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गयी थी. बाद में मदभेद के कारण समिति दो फाड़ हो गयी. टूट के बाद स्व. जगदीश बजाज के नेतृत्व में राधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी से बारात निकाली गयी और नगर भ्रमण के बाद वहीं शिव विवाह रचाया गया. राजू बताते हैं कि उन्होंने न तो बारात का रूट बदला और न ही परंपरा छोड़ी. पहाड़ी मंदिर से बारात विदा करने के लिए शुरुआती दौर से ही सीएम को आमंत्रित किया जा रहा है. इसमें सभी दल के लोग शामिल होते हैं. पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय को भले समिति का मुख्य संरक्षक बनाया गया है, लेकिन इसमें अन्य राजनीतिक दल के लोग भी भागीदारी निभाते हैं. ऐसे में शिव बारात को राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं.

### हर तरह से सहयोग कर रहा प्रशासन : चंदेल

श्रीशिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति शिव बारात के संथापक अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल बताते हैं कि सोमवार को हुई बैठक में प्रशासन ने हर तरह से सहयोग का आश्वासन दिया है. किसी भी तरह की रोक नहीं लगायी गयी है. दूसरी समिति पर नकेल कसने और बारात का स्वरूप छोटा करने के प्रशासनिक फरमान की जानकारी नहीं है. चंदेल बताते हैं कि तीन साल पहले से समिति के बैनर तले बारात निकाली जा रही है. दूसरी समिति के अध्यक्ष का यह कहना कि इस वर्ष ही समिति गठित की गयी है, गलत है. उन्होंने बताया कि पहले एक ही समिति के बैनर तले भव्य बारात निकाली जाती थी. कोर कमेटी में 20 सदस्य शामिल थे, पर मदभेद होने से 14 सदस्यों ने दरकिनार कर लिया. श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति में सिर्फ चार ही पुराने सदस्य शामिल हैं. ऐसे में दूसरे पर आक्षेप करना ठीक नहीं है. चंदेल ने बताया कि समिति की मुख्य संरक्षक राज्यसभा सांसद महुआ मांजी और झामुमो नेत्री है. बारात में सीएम चंपाई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे.

---

## ब्रीफ खबरें

### आजसू ने गेस्ट फैकल्टी की बहाली पर उठाए सवाल

**रांची ।** आजसू छात्र संघ ने रांची विश्वविद्यालय में 2022 में हुए गेस्ट फैकल्टी बहाली पर धांधली का आरोप लगाया है. इसे ले कर राजभवन से शिकायत की है. रांची विश्वविद्यालय के आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अतिथि शिक्षक नियुक्ति 2022 प्रक्रिया में भारी पैमाने पर विश्वविद्यालय द्वारा सारे नियम कायदे कानून को ताख पर रखकर अपने चहेतो को अतिथि शिक्षक के पद पर विश्वविद्यालय प्रशासन में नौकरी दी. उन्होंने आगे कहा कि 2022 अतिथि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी विषय में मेरिट लिस्ट का पालन नहीं किया गया है.

### जीईएल और सीएनआई चर्च में हुई चालीसा प्रार्थना

**रांची ।** चालीसा काल कलीसिया विश्वासियों के लिए महत्वपूर्ण समय होता हैं. जिसमें वे यीशु के दुख भोग में शामिल होते है और उपवास कर अपने पापों की क्षमा मांगते हैं. रांची के बहूबाजार स्थित सीएनआई चर्च में बुधवार को प्रार्थना द्वारा चालीसा का संदेश विश्वासी कलीसिया को दिया गया. इस पार्थना का संचालन रेव्य डेविड ने किया. रेव्य विकास कुजूर ने मुख्य संदेश में कहा कि यीशु मसीह के क्रूस में बलिदान से हम विश्वासी बने हैं. परमेश्वर पिता ने हम सभी मनुष्यों को विश्वास लेकर आने के लिए यीशु को बलिदान किया.

### जयपाल सिंह स्मारक हॉकी प्रतियोगिता 20 मार्च को होगी

**रांची ।** मुण्डा सभा केन्द्रीय समिति की बैठक बुधवार को मुण्डा सभा कार्यालय डिबडीह रांची में हुई. बैठक में 20 मार्च 2024 को मरंग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की पुण्य तिथि पर जयपाल सिंह मुण्डा स्मारक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी चल रही है, टूर्नामेंट में कुल 8 टीम का ही खेल होगा. अभी तक पूरी टीम का रजिस्ट्रेशन नहीं है. इच्छुक खिलाड़ी अपनी टीम का रजिस्ट्रेशन अवश्य करा सकते हैं. प्रवेश शुल्क 1500 रुपये ( एक हजार पांच सौ ) मात्र रखा गया है.

# निजी स्कूलों में मामूली फीस बढ़ोतरी

**पियूष गौतम । रांची**

नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए राजधानी रांची के अलग-अलग स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू है. वहीं नए सत्र में कई स्कूलों की फीस में वृद्धि को लेकर अभिभावकों में चिंता भी शुरू हो गई है, लेकिन अभिभावकों के लिए यह सत्र खुशखबरी लेकर आई है. कई शीर्ष स्कूलों में इस बार ट्यूशन फीस में मामूली वृद्धि की गई है. जबकि कई स्कूलों में छात्रों से जो ट्यूशन फीस पिछले वर्ष वसूली गई थी, उसमें कोई बदलाव न करते हुए इस वर्ष भी उतनी ही फीस बरकरार रखी गई है.

**जेवीएम श्यामली की फीस में इस वर्ष बढ़ोतरी नहीं :** पिछले वर्ष जेवीएम श्यामली में जो ट्यूशन फीस निर्धारित की गई थी, इस वर्ष उसमें कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, बल्कि इस बार उसे ही बरकरार रखा गया है. नर्सरी और प्रेप की ट्यूशन फीस 3500 रुपये, जबकि नौवीं और ग्यारहवी कक्षा (विज्ञान) की ट्यूशन फीस क्रमशः 4360 और 4935 रुपये निर्धारित है.

**डीएवी हेहल में नहीं हुआ कोई बदलाव :** डीएवी हेहल के ट्यूशन फीस में कोई बदलाव नहीं हुआ है. पिछले वर्ष निर्धारित कक्षा नौवीं के लिए 4100 रुपये जबकि ग्यारहवीं कक्षा में कंप्यूटर साइंस के लिए 4900, मैथ्स के लिए 4500 और बायोलॉजी के लिए 4700 रुपये ट्यूशन फीस निर्धारित थी, जिसे इस वर्ष भी बरकरार रखा गया है.

**डीएवी कपिलदेव में मामूली वृद्धि की संभावना :** कडरू स्थित डीएवी कपिलदेव स्कूल की ट्यूशन फीस में मामूली वृद्धि की संभावना है. विद्यालय के शिक्षक आलोक इंद्रगुरु ने बताया कि इस वर्ष के स्कूल प्रॉस्पेक्टस अब तक प्रकाशित नहीं हुआ है. लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इस बार ट्यूशन फीस में 1 से 2 फीसदी या अधिकतम 50 रुपये तक की वृद्धि हो सकती है.

**डीएवी बरियातू और डीएवी नंदराज में बढ़ोतरी संभव :** आगामी सत्र में फीस वृद्धि को लेकर डीएवी बरियातू और डीएवी नंदराज में मामूली बढ़ोतरी संभव है. पिछले शैक्षणिक सत्र में डीएवी बरियातू के नौवीं कक्षा की फीस 3600 जबकि ग्यारहवीं की फीस 4000 रूपये थी. वहीं डीएवी नंदराज में पिछले वर्ष कॉमर्स के लिए 3800, विज्ञान के लिए 4200 और आर्ट्स के लिए 3500 रुपये ट्यूशन फीस थी, जिनमें इस वर्ष मामूली बढ़ोतरी संभव है.

**एसआर डीएवी पुंदाग में नहीं बढ़ी फीस :** एस आर डीएवी पुंदाग स्कूल के ट्यूशन फीस में इस वर्ष कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है. पिछले वर्ष नौवीं कक्षा के लिए 3700 रुपये जबकि ग्यारहवीं के लिए 3900 रुपये निर्धारित थी जिसे इस वर्ष भी बरकरार रखा गया है.

### फीस वृद्धि पर चिंतित अभिभावकों की प्रतिक्रिया

#### अभिभावकों पर बढ़ता है आर्थिक बोझ : तुलसी



अभिभावक तुलसी कुमार ने कहा कि स्कूलों में फीस वृद्धि कोई नई समस्या नहीं है. इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है. विद्यालय प्रबंधन को अभिभावकों से विचार विमर्श के बाद ही फीस में वृद्धि करनी चाहिए.

#### फीस बढ़ोतरी की जानकारी अभिभावकों को दें : सुंदर



सुंदर मिंज ने कहा कि इस प्रकार की फीस वृद्धि पर रोक लगायी जानी चाहिए. स्कूल प्रबंधन को पूर्व में ही अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि अभिभावक पहले से तैयार रहें.

#### मध्यम वर्ग ही होता है अधिक प्रभावित : जानकी



अभिभावक जानकी धाम ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ने से मिडिल क्लास परिवार सबसे धिक प्रभावित होता है. एक मिडिल क्लास परिवार की आधी कमाई बच्चों की शिक्षा पर ही खत्म हो जाती है.

#### सरकारी स्कूल अच्छी स्थिति में हों तो प्राइवेट स्कूलों का क्रेज कम होगा : शाहीन



शाहीन ने बताया कि सरकारी स्कूलों को दुरुस्त करने की जरूरत है. सरकारी स्कूलों की स्थिति ठीक नहीं है इसलिए प्राइवेट स्कूलों की मनमानी बढ़ रही है. इसका सीधा दबाव बच्चों के अभिभावकों पर पड़ता है. निजी अंग्रेजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने का आमलोगों में अत्यधिक क्रेज रहता है, इसलिए सरकारी स्कूलों की पढ़ाई व व्यवस्था काफी खराब है.

### विश्वनाथ शिव मंदिर में होगा शिव-पार्वती विवाह

**रांची ।** विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोड़ में आठ मार्च की रात श्रीशिव-पार्वती विवाह धूमधाम से रचाया जायेगा. आयोजन को लेकर बुधवार को मंदिर कमेटी की बैठक अध्यक्ष शैलेश्वर दयाल सिंह की अध्यक्षता में हुई. इसमें महाशिवरात्रि के कार्यक्रम और श्रीशिव बारात के स्वागत के साथ विवाह को लेकर चर्चा की गयी. साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी. शैलेश्वर दयाल सिंह ने बताया कि मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है. शुक्रवार को सुबह दैनिक पूजन आरती के बाद दिनभर भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे.

### चुटिया में निकाली जाएगी भोले बाबा की भव्य बारात

**रांची ।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वर पक्ष द्वारा प्राचीन श्री राम मंदिर शिव बारात समिति के तत्वाधान में मुनचुन राय के नेतृत्व में भव्य शिव बारात आरपीएफ शिव मंदिर के प्रांगण से निकाली जाएगी, जोकि प्राचीन श्री राम मंदिर होते हुए महादेव मंडा (शिव मंदिर) तक जाएगी. शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ देवाधि देव महादेव का विवाह संपन्न होगा. साथ ही वधू पक्ष महादेव मंडा स्वागत समिति के द्वारा महादेव मंडा के प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है. साथ ही शिव बारातियों का भव्य स्वागत किया जाएगा तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा.

## न्यूज अपडेट

### मेडिका ने बचायी थोरेसिक एंडोवास्कुलर मरीज की जान




**रांची ।** भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने थोरेसिक एंडोवास्कुलर आर्टेरियल रिपेयर (ट्रेभर) नामक एक अत्यधिक जटिल कार्डियोलॉजी प्रक्रिया का सफलतापूर्वक संचालन किया है. यह प्रक्रिया, जो शायद ही कभी की जाती है, एक गंभीर स्थिति वाले मरीज पर की गई थी. मरीज़ को शरीर की सबसे बड़ी धमनी, महाधमनी की दीवार के गंभीर रूप से टूटने की समस्या थी. उसके कारण शरीर ऑक्सीजन में गिरावट, असहनीय दर्द और जीवन-घातक परिस्थितियां उत्पन्न हो गई थी. हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार ने अस्पताल में अपनी टीम के साथ बिना देरी किए मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी और मरीज की जान बच गई.

### पवन बजाज को मातृशोक, मां की आंखें दान की



**रांची ।** समाजसेवी और व्यवसायी पवन बजाज की माता गीताश्री बजाज नहीं रहीं. बुधवार को श्रीराम गार्डेन, कांके रोड में उन्होंने अंतिम सांस ली. स्व.गीताश्री बजाज, धर्मपत्नी स्व राजेंद्र प्रसाद बजाज ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों में सक्रिय योगदान देने के साथ कई पदों को सुशोभित किया है. उनकी अंतिम इच्छा नेत्रदान की थी. उन्होंने पूर्व में ही नेत्रदान के लिए अपना फॉर्म भर दिया था. मृत्यु बाद उनके पुत्र पवन बजाज ने नेत्र दान कराया. गीताश्री अपने पीछे पुत्र, पुत्रियां, पौत्र, पौत्री, बहुये, जवाई, नाती, नतिनि सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है. भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, प्रकाश चंद सेठी, संतोष सरावगी, विनोद जैन, मनोज बजाज, प्रमोद सारस्वत, कमल केडिया , श्याम सुंदर बजाज, प्रकाश सेठी, विक्की जैन,सत्यनारायण सिंह, तपन सेन,सहित सैकड़ों लोग उनके निवास में श्रद्धा सुमन अर्पित को पहुंचे. पवन बजाज ने बताया कि अंतिम यात्रा गुरुवार को दिन के 11 बजे मुक्तिधाम, हरमू के लिये प्रस्थान करेगी.

### आसाराम बापू के भक्तों ने रांची में निकाली न्याय यात्रा




**रांची ।** संत आसाराम बापू की रिहाई को लेकर बुधवार को न्याय यात्रा निकाली गयी. महिला उत्थान मंडल, योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ से जुड़े बड़ी संख्या में बापू भक्तों ने इसमें हिस्सा लिया. तख्ती और बैनर के साथ अपने सद्गुरु को तत्काल रिहा करने का नारा यात्रा के दौरान लगाते रहे. छगनलाल धर्मशाला, बड़ा तालाब के समीप से दिन के ढाई बजे यात्रा निकली. इसमें शामिल अनुयायी जेजे रोड, शहीद चौक से घूमकर कचहरी रोड होते हुए राजभवन आये. योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि गुरुदेव आसाराम जी बापू अस्वस्थ हैं.

### व्यक्तिगत कर योजना एवं वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान



**रांची ।** झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्यक्तिगत कर योजना एवं वित्तीय साक्षरता पर बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास के अनुमोदन के पश्चात यह कार्यक्रम प्रशासनिक भवन के प्रथम तल के सभागार में किया गया. इस अवसर पर डीन, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंस डॉ. बटेश्वर सिंह ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कर्मियों को व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि इस व्याख्यान का उदेश्य है कि करदाता कर प्रदान करने में साक्षर हो सके एवं इस सम्बन्ध में अपनी योजना को सशक्त बना सके. प्रकोष्ठ के संपर्क अधिकारी प्रो. देवव्रत सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पिछड़े लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा.

### सदर अस्पताल में सहिया सम्मेलन का आयोजन




**रांची ।** सदर अस्पताल में बुधवार को सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में रांची जिला के 14 प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहियाओं, वीएचएसएनसी एवं जिला में सहिया के कार्यों को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने के लिए बीटीटी और एसटीटी को भी पुरुस्कृत किया गया. इस कार्यक्रम में सेल प्रमुख, राज्य मुख्यालय से डॉ. कमलेश कुमार, राज्य कार्यक्रम समन्वयक से अकाय मिंज और झारखंड राज्य प्रशिक्षण सलाहकार, मनीर अहमद, उपस्थित थे. रांची जिला से सिविल सर्जन, रांची एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के सभी सदस्य उपस्थित थे. राज्य मुख्यालय से आये डॉ. कमलेश कुमार, ने सहियाओं के कार्यों की सराहना की.

## श्री श्याम मंदिर में विजया एकादशी संकीर्तन पर किया गया निशान पूजन



**संवाददाता । रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन माह की विजया एकादशी के अवसर पर बुधवार को रात्रि विशेष एकादशी कीर्तन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया. राजीव रंजन मित्तल और कविता मित्तल ने श्री गणेश पूजन करके खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित की. संगीतमय भजन संकीर्तन के बीच खाटूधाम जाने वाले पवित्र निशानों का पूजन स्थापना तथा जागृत करने का पवित्र धार्मिक अनुष्ठान भक्तिमय वातावरण में प्रारंभ हुआ. मंडल के श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा सलज अग्रवाल सोनू साकेत ढानढनिया अनुज मोदी गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों को अपने भजनों से झुमाया.

### दिव्यांग बच्चों ने किया श्री भोला मिष्ठान्न के चौथे आउटलेट का उद्घाटन

## मिठाइयों के साथ फूड वेरायटी की बड़ी रेंज

**संवाददाता । रांची**



राजधानी के पिस्कामोड़ में बुधवार को श्री भोला मिष्ठान्न भंडार के नए आउटलेट की शुरुआत की गई. बिजुपाड़ा के अमर ज्योति संस्था के दिव्यांग बच्चों ने इसका उद्घाटन किया. जहां बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया. इसके बाद बच्चों ने फीता काटकर आउटलेट का उद्घाटन किया. ये बच्चे विशिष्ट अतिथि के रूप में आए थे. बच्चों ने रेस्टोरेंट में तरह-तरह के व्यंजनों, मिठाई, आइसक्रीम का लुत्फ उठाया और खुश हुए. आउटलेट में मिठाईयों की बड़ी रेंज रखी गई है. ऑनर संजय और जीएम कमल तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि फैक्ट्री हेड अंशुमन को जिम्मेवारी सौंपी गई है, जो सभी आउटलेट पर प्रोडेक्शन से लेकर क्वालिटी का ध्यान रख रहे हैं. यहीं वजह है कि हम रांची के लोगों को क्वालिटी प्रोडक्ट दे पा रहे हैं. हमारी मिठाइयों में किसी भी तरह की मिलावट नहीं होती. शुद्ध दूध से मिठाइयां बनाई जाती है. चाहे खोया की मिठाई हो या फिर छेना की. काजू की 18 तरह की मिठाइयां हमारे पास अवेलेवल है. नई मिठाइयों को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं. घी वाले मोतीचूर लड्डू स्पेशल है और काजू बर्फी परफेक्ट है. जीएम कमल ने बताया कि मिठाइयों के अलावा हमारा रेस्टोरेंट भी है.

---

**तालीम**

### एस्बेस्टस के एक कमरे से हुई शुरू, आज दो मंजिला इमारत, 300 बच्चे प्राप्त कर रहे शिक्षा

# 15 बच्चों से शुरू हुई थी मदरसा अवार उलूम कासमिया

**संवाददाता । रांची**

हाफिज नजीर अहमद ने शिक्षा की अहमत पर गौर फरमाते हुए हिंदपीढ़ी नेजाम नगर में मदरसा अनवार उलूम कासमिया की स्थापना के लिए 1998 में जमीन ली, जहां आरंभ में एसबेस्टस से बने एक कमरे में महज 15 बच्चों से मदरसे की शुरुआत की गई. फिर मदरसे की संग ए बुनिया 1991 में रखी गयी. इस अवसर पर इमारत ए शरिया बिहार उड़ीसा के अमीर ए शरीयत मौलाना अब्दुल्लाह रहमान कासमी, मौलाना मोजाहिद इस्लाम, मौलाना सैयद नेजामुद्दीन कासमी, इमारत ए शरिया समेत बड़ी संख्या में उलेमा एवं बुद्धिजीवी शरीक हुए.



मदरसा के वरीय शिक्षक मौलाना मो. शौकत ने बताया कि मदरसे को स्थापित करने वाले हाफिज नजीर अहमद का निधन हो गया है. अब उनके बेटे हाफिज शाद अहमद प्राचार्या की भूमिका निभा रहे हैं. आज मदरसा दो मंजिला बन कर तैयार हो गया है. इस समय यहां 300 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. इन बच्चों के लिये सात शिक्षक सेवा दे रहे हैं. शिक्षक बच्चों को कुरआन की शिक्षा के साथ हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल की शिक्षा भी दे रहे हैं. बच्चों के लिए हॉस्टल का प्रबंध भी है. यहां बच्चों में 100 रुपये मासिक शुल्क एवं हॉस्टल के बच्चों से 500 रुपये मासिक शुल्क लिया जाता है. हॉस्टल के बच्चों को तीनों वक्त का खाना व रहने के साथ पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है. इस समय यहां बिहार के गया, चतरा, हजारीबाग, लोहरदगा, इरबा, नगड़ी समेत रांची व आस पास के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. यहां बच्चों को आठवीं ( वस्तानिया), मैट्रिक (फौकानिया), इंटर (मौलवी), बीए (आलिम), एमए (फाजिल) की शिक्षा के लिए रांची के मदरसा इस्लामिया से फार्म भरवाया जाता है. इस तरह बच्चे इन डिग्रियों को हासिल कर रहे हैं. आज यहां के पढ़े बच्चे कई मदरसों व स्कूलों में शिक्षक हैं, मस्जिदों में इमामत कर रहे तथा इंजीनियरिंग, बैंक, निजी कार्यालयों आदि में अपनी सेवा दे रहे हैं.



### रांची महिला कॉलेज की एमकॉम छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**रांची ।** रांची महिला कॉलेज के एमकॉम सेमेस्टर तीन की छात्राओं ने बुधवार को औद्योगिक भ्रमण किया. इस एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्राएं पतरातु , रामगढ़ स्थित एचआर फूड प्रोसेसिंग लिमिटेड तथा ओसम डेयरी पहुंचीं. उप प्रबंधक मार्केटिंग गौरव कुमार और प्लांट प्रबंधक ललन प्रसाद के दिशा-निर्देशन में छात्राओं ने दुग्ध प्रोसेसिंग श्रृंखला के विभिन्न चरणों का अवलोकन किया. वहां के रिसर्च विभाग द्वारा उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की विधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया. वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि तिग्गा सहित शिक्षिकाएं प्रियंका देवरिया, शिखा पोद्दार, डॉ. भारती व कर्मचारी डीवीआर लक्ष्मी शामिल रहीं.

